आज़ादी का अमृत महोत्सव

# एनएचपीसी की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और धारणीयता नीति

# CORPORATE SOCIAL RESPONSIBILITY & SUSTAINABILITY POLICY OF NHPC

संशोधन-III

अप्रैल, 2021

**Revision-III**

**April, 2021**

एनएचपीसी लिमिटेड

*NHPC Limited*

(भारत सरकार का उद्यम)

(A Government of India Enterprise)

# एनएचपीसी की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और धारणीयता नीति

# CORPORATE SOCIAL RESPONSIBILITY & SUSTAINABILITY POLICY OF NHPC

**संशोधन–III**

अप्रैल, 2021

**Revision-III**

**April, 2021**

एनएचपीसी लिमिटेड

*NHPC Limited*

(भारत सरकार का उद्यम)

(A Government of India Enterprise)

# संशोधन–III के बारे में

## अप्रैल, 2021

सीएसआर नीति में कंपनी के बोर्ड द्वारा अपनी सीएसआर समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए दिए गए दृष्टिकोण एवं दिशा–निर्देश और गतिविधियों के चयन, कार्यान्वयन और निगरानी के साथ–साथ वार्षिक कार्य योजना बनाने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत शामिल हैं।

एनएचपीसी की सीएसआर व धारणीयतानीति एनएचपीसी निदेशक मण्डल के अनुमोदन से दिसम्बर, 2013 में जारी की गई थी। इस नीति को कंपनी अधनियिम, 2013 की धारा 135 के तहत सीएसआर के विशिष्ट प्रावधानों और कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी की गई कंपनी (कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियमावली के अनुरूप संशोधित किया गया और इसे दिनांक 7 जुलाई, 2014 और 17 अप्रैल, 2017 को एनएचपीसी निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।

कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी कंपनी (कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 को कंपनी (कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) संशोधन नियम, 2021 के रूप में दिनांक 22 जनवरी, 2021 की राजपत्र अधिसूचना द्वारा संशोधित किया गया है।

तदनुसार, एनएचपीसी की सीएसआर व धारणीयता नीति को अद्यतन किया गया है और एनएचपीसी निदेशक मण्डल ने दिनांक 13.08.2021 को आयोजित अपनी 447वीं बैठक में इस नीति को अनुमोदित किया है।

# ABOUT REVISION - III

## April, 2021

The CSR Policy contains the approach and direction given by the Board of the Company, taking into account the recommendations of its CSR Committee, and includes guiding principles for Selection, implementation and monitoring of activities as well as formulation of Annual Action Plan.

CSR & Sustainability Policy of NHPC was issued in December, 2013 with the approval of NHPC Board. The same was further amended and approved by the NHPC Board on 7th July, 2014 & 17th April, 2017 in line with the Companies Act, 2013 having specific provisions for CSR under Section 135 and also the Companies (Corporate Social Responsibility Policy) Rules issued by the Ministry of Corporate Affairs, Government of India.

The Companies (Corporate Social Responsibility Policy) Rules, 2014 issued by the Ministry of Corporate Affairs, Government of India has been amended vide Gazette notification dated 22nd January, 2021 as the Companies (Corporate Social Responsibility Policy) Amendment Rules, 2021.

The CSR & Sustainability Policy of NHPC has been updated accordingly and has been approved by the NHPC Board in its 447th meeting held on 13th August, 2021.

# विषय–वस्तु


| | | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | एनएचपीसी का सीएसआर दृष्टिकोण | 6 |
| 2. | एनएचपीसी का सीएसआर लक्ष्य | 6 |
| 3. | प्रस्तावना | 8 |
| 4. | परिचय | 8 |
| 5. | उद्देश्य और  कार्यक्षेत्र | 12 |
| 6. | योजना | 14 |
| 7. | क्रियान्वयन हेतु प्रबंधन ढांचा | 18 |
| 8. | भूमिकाएं और उत्तरदायित्व | 20 |
| 9. | संसाधन आवंटन | 22 |
| 10. | क्रियान्वयन | 26 |
| 11. | प्रबोधन | 28 |
| 12. | कार्य–निष्पादन का मूल्यांकन, प्रभाव आकलन और रिपोर्टिंग | 30 |
| 13. | समझौता–ज्ञापन मूल्यांकन | 32 |
| 14. | अनुलग्नक–1 : सीएसआर क्रियाकलापों की सूची | 34 |

# CONTENTS


| | | Page No. |
|---|---|---|
| 1. | NHPC's CSR Vision | 7 |
| 2. | NHPC's CSR Mission | 7 |
| 3. | Preamble | 9 |
| 4. | Introduction | 9 |
| 5. | Objectives & Scope | 13 |
| 6. | Planning | 15 |
| 7. | Management Structure for implementation | 19 |
| 8. | Roles & Responsibilities | 21 |
| 9. | Resource Allocation | 23 |
| 10. | Implementation | 27 |
| 11. | Monitoring | 29 |
| 12. | Evaluation of Performance<br>Impact Assessment and Reporting | 31 |
| 13. | MoU Evaluation | 33 |
| 14. | Annex I:<br>List of CSR activities | 35 |

## एनएचपीसी का सीएसआर दृष्टिकोण

- मानव, पृथ्वी और संगठनात्मक लक्ष्यों/संवर्धन को ध्यान रखते हुए धारणीयता विकास और समावेशी संवृद्धि के लिए योगदान करना।

## एनएचपीसी का सीएसआर लक्ष्य

- व्यापक स्तर पर समाज में गुणवत्तापूर्ण जीवन सुधार के लिए प्रतिबद्ध व सामाजिक रूप से उत्तरदायी कारपोरेट कंपनी बनना।
- हम जिन समुदायों से जुड़े हुए हैं, उनके लिए सुविधाओं का सृजन करना और उन्हें विकसित करना।
- सभी हितधारकों के सामूहिक और एकीकृत प्रयास के माध्यम से आर्थिक, पर्यावरणीय और कल्याणकारी विकासोन्मुखी उद्देश्यों में संतुलन बनाए रखना।



## NHPC's CSR Vision

- To contribute to sustainable development and inclusive growth while taking care of People, Planet and organizational goals / growth.

## NHPC's CSR Mission

- To become socially responsible corporate entity committed to improving the quality of life of the society at large.
- To create and develop facilities for the communities we engage with.
- To balance social, economic and environmental development objectives through collective and unified efforts of all stakeholders.



# कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और धारणीयता नीति

## 1. प्रस्तावना

1.1 एनएचपीसी लिमिटेड एक मिनी रत्न श्रेणी–1 कंपनी है जो भारत तथा विदेश में परम्परागत और गैर–परम्परागत स्रोतों के माध्यम से विद्युत के एकीकृत और दक्ष विकास की योजना, संवर्धन तथा व्यवस्था हेतु प्रतिबद्ध है।

1.2 पर्यावरण और लोगों के प्रति एनएचपीसी की प्रतिबद्धता इसके कॉरपोरेट – दृष्टिकोण और उद्देश्य, अपनाई गई नीतियों तथा व्यवहारों से संपुष्ट होती है।

1.3 एनएचपीसी युनाइटेड नेशन्स ग्लोबल कॉम्पेक्ट (यूएनजीसी) का भी सदस्य है और मानवाधिकारों, श्रमिक मानदंडों, पर्यावरणीय जागरूकता तथा भ्रष्टाचार–रोधी सिद्धांतों का भी पालन करता हैं।

1.4 एनएचपीसी की सीएसआर और धारणीय विकास नीति का उद्देश्य कंपनी तथा इसके हितधारकों के दीर्घावधि पर्यावरणीय, सामाजिक तथा आर्थिक विकास मुद्दों को सुकर बनाना है।

## 2. परिचय

2.1 एनएचपीसी ने कंपनी संरचना अधनियिम, 2013 की धारा 135 में उल्लिखित सीएसआर नीति और कारपोरेट कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अधिसूचित की गई कंपनी नियमावली (सीएसआर निति) व इस संबंध में दिष्ट स्पष्टीकरणों और उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायत्वि और धारणीयता संबंधी दिशा–निर्देश, जो 01 अप्रैल, 2014 से लागू हैं, के अनुसार वर्ष 2013 में बनाई गई कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) और धारणीयता नीति में संशोधन किया है।

2.2 कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और धारणीय विकास नीति एनएचपीसी के व्यापार संचालन हेतु आधार होगी। इसका उद्देश्य धारणीय विकास और नैतिकतापूर्ण व्यापार व्यवहारों को अपनाने के साथ लाभ को अधिकतम करने तथा दीर्घकालिक वृद्धि के उद्देश्यों का एकीकरण करना होगा।

2.3 इस प्रकार कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और धारणीय विकास नीति हितधारकों की आकांक्षाओं को पूरा करने और लोगों, पृथ्वी तथा संगठन के धारणीय विकास में योगदान देने की कंपनी की प्रतिबद्धता का एक कथन है।

# CSR-SUSTAINABILITY POLICY

## 1. PREAMBLE

1.1 NHPC Limited is a Mini Ratna Category-I Company committed to plan, promote and organize an integrated and efficient development of power through conventional and non- conventional sources in India and abroad.

1.2. NHPC's commitment towards environment and people is affirmed through its Corporate Vision and Mission, policies and practices adopted by the organization.

1.3. NHPC is also a member of the United Nations Global Compact (UNGC) and subscribes to the principles of human rights, labour standards, environmental consciousness and anti- corruption.

1.4. NHPC's CSR & Sustainability Policy aims at facilitating long-term environmental, social and economic development issues of the Company and its stakeholders.

## 2. INTRODUCTION

2.1 NHPC has amended its Corporate Social Responsibility (CSR) and Sustainability Policy, formulated in the year 2013, in accordance with the CSR Policy framework mentioned in the Section-135 of the Companies Act,2013 and the Companies (CSR Policy) Rules notified / clarifications issued by Ministry of Corporate Affairs, Government of India and Guidelines on Corporate Social Responsibility and Sustainability for Central Public Sector Enterprises issued by Department of Public Enterprises, Government of India which are effective from 1st April2014.

2.2 The CSR & Sustainability Policy will form the basis for conducting NHPC's business. It will aim to integrate the objectives of profit maximization & long-term growth with sustainable development and adoption of ethical business practices.

2.3 CSR & Sustainability Policy is thus a statement of company's commitment to fulfill stake holders' aspiration and contributing to sustainable development of people, planet and the organization.

2.4 एनएचपीसी के प्रमुख हितधारकों में इसके कर्मचारी, शेयरधारक, परियोजना प्रभावित परिवार, स्थानीय समुदाय, पंचायत, ब्लाक तथा जिला प्रशासन जैसे स्थानीय निकाय आदि शामिल होते है।

2.5 नीति का बल दिए जाने वाला क्षेत्र दो स्तरीय है अर्थात्

क) संगठनात्मक सत्यनिष्ठा और नैतिकतापूर्ण व्यवहार के उच्च स्तरों को बनाए रखते हुए एक सामाजिक रूप से उत्तरदायी तरीके, रिपोर्टिंग में पारदर्शिता के प्रत्याशित मानकों से अनुरूपता और हमारे क्रियाकलापों के सभी क्षेत्रों में कार्य–निष्पादन का प्रकटीकरण, कर्मचारियों के कल्याण हेतु चिंता का प्रदर्शन, प्रचालनात्मक और प्रबंधन व्यवहारों को अपनाते हुए व्यापार का संचालन। यह सभी हितधारकों के भरोसे और विश्वास को जीतने के लिए सामाजिक और पर्यावरणीय धारणीयता को बढ़ावा देगा।

यह शीर्ष प्रबंधन की सक्रिय भागीदारी के साथ सभी कर्मचारियों के सामूहिक तथा समन्वित प्रयासों, सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से धारणीय पद्धतियों को अपनाने की आवश्यकता के साथ सभी हितधारकों के मध्य जागरूकता, सुग्राहीकरण तथा समावेशन के प्रसार हेतु सक्रिय आंतरिक संचार रणनीतियों को अपनाकर किया जाना प्रस्तावित है।

ख) एनएचपीसी के प्रचालनों तथा क्रियाकलापों द्वारा सामाजिक, आर्थिक तथा पर्यावरणीय रूप से सीधे प्रभावित होने वाले प्रमुख हितधारकों की चिंताओं पर ध्यान देना।

2.6 एनएचपीसी के कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और धारणीय विकास क्रियाकलापों का विस्तार मात्र परोपकारी भाव प्रदर्शन से परे होगा और उनका उद्देश्य संगठन के व्यापार लक्ष्यों से एकीकरण का होगा।

2.7 जहां–कहीं हितधारकों की आवश्यकता तथा आकांक्षाओं को समझने के लिए वांछनीय हो, एक आधार रेखा सर्वेक्षण और/अथवा आवश्यकता आकलन अध्ययन करवाया जा सकता है। उक्त के आधार पर, उचित सीएसआर तथा धारणीयता योजनाओं/क्रियाकलापों की पहचान कार्यान्वयन हेतु की जाएगी।

2.8 सीएसआर तथा धारणीयता योजनाओं का चयन यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा कि अधिकतम लाभ समाज के निर्धन/पिछड़े तथा जरूरतमंद तबके तक पहुंचे और पर्यावरण की गुणवत्ता के सुधार में योगदान हो।

2.4 NHPC's key stakeholders include Employees, Shareholders, Project Affected Families, Local Communities, Local Bodies such as Panchayat, Block and District Administration etc.

2.5 The thrust of the Policy is two pronged viz.

a) Conducting the business in a socially responsible way by maintaining high level of organizational integrity and ethical behaviour, in conformity with expected standards of transparency in reporting and disclosing the performance in all spheres of our activities, demonstration of concern for welfare of the employees, adoption of operational methods and management practices. This will promote social and environmental sustainability to win the trust and confidence of all stakeholders.

This is proposed to be achieved through collective and united efforts of all employees with active involvement of top management, backed up by active internal communication strategies to spread awareness, sensitize and internalize amongst all internal stakeholders the need to adopt socially and environmentally sustainable methods.

b) Addressing the social, economic and environmental concerns of key stakeholders directly impacted by NHPC's operations & activities.

2.6 NHPC's CSR & Sustainability activities will extend beyond mere philanthropic gestures and will aim to integrate it with organization's business goals.

2.7 Baseline survey and/or Need Assessment study may be conducted, wherever desirable to understand the need and aspiration of the stakeholders. Based on the same, suitable CSR & Sustainability schemes/ activities will be identified for implementation.

2.8 Selection of CSR & Sustainability schemes will be made to ensure maximum benefits reach the poor/backward & needy sections of the society and contribute to improve the quality of environment.

2.9 बाध्यकारी क्रियाकलापों पर व्यय सीएसआर तथा धारणीयता योजनाओं/क्रियाकलापों के प्रति लेखांकित नहीं किया जाएगा।

2.10 एनएचपीसी की सीएसआर तथा धारणीयता नीति के प्रावधान समय पर इस विषय पर सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार परिवर्तित/संशोधित होंगे।

2.11 एनएचपीसी संसाधनों के ईष्टतम उपयोग, सामाजिक–आर्थिक अथवा पर्यावरणीय प्रभाव को अधिकतम करने के लिए विशेषज्ञता तथा क्षमताओं के मध्य तालमेल करने के लिए मेगा परियोजनाओं की आयोजना, क्रियान्वयन तथा प्रबोधन में अन्य सीपीएसई के साथ सहयोग के लिए समझौते कर सकेगी।

2.12 कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और धारणीयता विद्युत मंत्रालय के साथ किए जाने वाले कार्य–निष्पादन मूल्यांकन हेतु समझौता–ज्ञापन के पैरामीटरों में से एक होगा जिसके लिए अधिभार समय पर इस प्रयोजन हेतु भारत सरकार द्वारा निर्णय किए गए अनुसार होगा।

## 3.0 उद्देश्य तथा कार्यक्षेत्र

### 3.1 उद्देश्य

- प्रमुख हितधारकों, जिसमें एनएचपीसी के प्रचालनों और गतिविधियों से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित लोग भी शामिल हैं, के सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और कल्याण से संबंधित मुद्दों पर ध्यान देना।
- हरित प्रौद्योगिकियों, प्रक्रियाओं तथा मानकों को अपनाना जो सामाजिक तथा पर्यावरणीय धारणीयता में योगदान देती हों।
- क्षमता निर्माण उपायों, सीमांत और अवंचित तबकों/समुदायों के सशक्तिकरण के माध्यम से समावेशी वृद्धि तथा सामयिक विकास में योगदान देना।

### 3.2 कार्यक्षेत्र

- सीएसआर/धारणीयता के अंतर्गत चुनी गई योजना, क्रियाकलाप मुख्यतः एनएचपीसी लिमिटेड के स्टाफ के अलावा अन्य हितधारकों को लाभ पहुंचाएंगी। यदि, इस पहल का लाभ एनएचपीसी के कर्मचारियों और उनके परिवारों को दिया जाता है, तो केवल एनएचपीसी के कर्मचारियों और उनके परिवारों के अलावा अन्य पर किए गए आनुपातिक व्यय को ही सीएसआर के तहत माना जाएगा।
- कारपोरेट स्तर और एनएचपीसी की परियोजनाओं/फील्ड यूनिटों दोनों के स्तर पर सीएसआर तथा धारणीयता योजनाओं की पहचान तथा चयन,

2.9 Expenditure on mandatory activities, or activities carried out for fulfillment of any other statutory obligations under any law in force in India will not be accounted against CSR & Sustainability schemes/ activities.

2.10 Provisions of NHPC's CSR & Sustainability Policy will be revised/ amended in accordance with the guidelines on the subject as may be issued by the Government from time to time. Any changes in the legal provisions or Government guidelines shall be deemed to be adopted as per applicability provisions issued from time to time.

2.11 NHPC will be open to join hands with the other CPSEs in planning, implementing and monitoring of mega Projects for optimal use of resources, synergy of expertise and capabilities for maximizing socio-economic or environmental impact.

2.12 Corporate Social Responsibility and Sustainability can be one of the parameters of MoU for Performance Evaluation to be entered into with Ministry of Power (MoP) with weightage as decided by the Government of India (GoI) from time to time for this purpose.

## 3. OBJECTIVES &SCOPE

### 3.1 OBJECTIVES

- To address the social,economic, environmental and welfare concerns of key stakeholders including those directly impacted by NHPC's operations & activities.
- Adopt green technologies, processes and standards that contribute to social and environmental sustainability.
- Contribute to inclusive growth and equitable development through capacity building measures, empowerment of marginalized and under privileged sections/communities.

### 3.2 SCOPE

- Schemes/ Activity chosen under CSR/ Sustainability should primarily benefit stakeholders other than the staff of NHPC Limited. In case, the benefits of the initiative are extended to NHPC employees & their families, the proportionate expenditure incurred on other than NHPC employees & their families shall be considered under CSR.

क्रियान्वयन में मार्गदर्शन, योजनाओं/क्रियाकलापों के प्रबोधन तथा समीक्षा हेतु एक उचित संगठन ढांचा होगा।

- एनएचपीसी निगम की सीएसआर तथा धारणीयता नीतियों के संबंध में अपने कर्मचारियों के सुग्राहीकरण और उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करने तथा पर्यावरणीय संरक्षण, सामाजिक विकास के प्रति वांछित मनोवृति परिवर्तन लाने तथा नैतिकतापूर्ण व्यापार व्यवहारों को अपनाने की आवश्यकता लाने के लिए कदम उठाएगा।
- एनएचपीसी ऐसी योजनाओं/क्रियाकलापों का क्रियान्वयन करेगा जो समाज को दृश्य सामाजिक, आर्थिक या पर्यावरणीय लाभ दें।
- एनएचपीसी धारणीय प्रौद्योगिकियों को अपनाने में संबद्ध आपूर्तिकर्ताओं तथा संविदाकारों को संभव सीमा तक अपने सीएसआर–धारणीयता प्रयासों के एक भाग के रूप शामिल करने के लिए भी प्रयास करेगी।

## 4.0 योजना

4.1 परियोजना की योजना हेतु बल दिए जाने वाले क्षेत्रों में परियोजनाओं/योजनाओं की पहचान हेतु एनएचपीसी द्वारा उपलब्ध डाटा का उपयोग किया जाएगा। एनएचपीसी सीएसआर तथा धारणीय विकास क्रियाकलापों हेतु अधिमानतः मध्यम अवधि (1–3 वर्ष) परियोजनाओं को तैयार करेगी जिनकी समय पर समीक्षा की जाएगी।

4.2 समाज के जरूरतमंद तबके के लाभ और पर्यावरणीय धारणीयता में योगदान देने वाली परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

4.3 हमारे परियोजना क्षेत्र के निकट में रहने वाले हितधारकों और हमारे प्रचालनों तथा क्रियाकलापों को सीधे प्रभावित करने वालों को सीएसआर तथा धारणीयता क्रियाकलापों के लाभग्राहियों के रूप में प्राथमिकता दी जाएगी।

4.4 एनएचपीसी की परियोजना, अधिकतर हिमालय की ऋंखला और सुदूर क्षेत्रों में अवस्थित हैं। अतः एनएचपीसी अपनी परियोजनाओं, पावर स्टेशनों या क्षेत्रीय/संपर्क कार्यालय/निगम मुख्यालय के निकट होने वाली सीएसआर व धारणीयता गतिविधियों पर जोर देगी। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि कम से कम 80 प्रतिशत सीएसआर एवं धारणीयता की योजनाओं/गतिविधियों को एनएचपीसी की परियोजनाओं, पावर स्टेशनों, कार्यालयों में 25 किलोमीटर के भीतर और उसी जिले में निष्पादित किया जाए। तथापि भारत सरकार की राष्ट्रीय योजनाओं/अभियानों की आवश्यकताओं व उनके तहत प्राप्त निर्देशों के अनुसार 25 किलोमीटर के दायरे से बाहर के क्षेत्रों का भी चयन किया जा सकता है जिसमें

- NHPC will have an appropriate organization structure both at corporate level and NHPC's projects/field units for identification & selection of CSR & Sustainability schemes, guidance in implementation, monitoring and review of the schemes/ activities.
- NHPC will take steps to sensitize and impart training to its employees regarding CSR & Sustainability policies of the Corporation and to bring about the desired attitudinal change towards environmental protection, social development & the need to adopt ethical business practices.
- NHPC will take up schemes/activities which would give visible social, economic or environmental benefits to the society.
- NHPC will also make efforts, to the extent possible, to involve the Suppliers and Contractors associated in the adoption of sustainable technologies as a part of its CSR- Sustainability endeavours.

## 4. PLANNING

4.1 For Planning of project, available data will be used by NHPC for identification of Projects/Schemes in the thrust areas. NHPC will prepare preferably medium term (1-3 year) projects for CSR& SD activities which will be reviewed from time to time.

4.2 Priority will be for activities contributing to benefits of needy section of the society and environmental sustainability.

4.3 The stakeholders residing in the vicinity of our project area and who are directly impacted by its operations and activities will be given priority as beneficiary of CSR and Sustainability activities.

4.4 NHPC's projects are situated mostly in the Himalayan belt and remote areas. Hence, NHPC's thrust will be to undertake CSR& Sustainability activities primarily near to our projects, Power stations or Regional/ Liaison/Corporate Office. It will be ensured that at least 80% of the CSR & Sustainability schemes / activities are executed in and around NHPC's Projects, Power Stations and offices preferably within 25 Km and in the district where the Project is located. However, other locations beyond 25 Km may also be chosen, based on the needs and as per the direction of Govt. of India on National schemes / campaign, wherein more than 20% amount of the CSR Budget may be spent, for the larger benefit of society/ environment.

से सीएसआर की बजट राशि का 20% से अधिक भाग समाज/पर्यावरण के कल्याण के लिए किया जाएगा।

4.5 सीएसआर तथा धारणीयता योजनाओं के क्रियान्वयन के विकल्प को अधिमानतः एनएचपीसी यूनिटों के प्रचालन वाले जिले/उप–मंडल/ब्लाकों में प्रशासनिक प्राधिकारियों के साथ परामर्श/मिलजुल कर चुना जाएगा। यह इन प्राधिकारियों द्वारा लिए जा रहे कार्यों/पहलों के दोहराव से बचने में सहायता करेगा ताकि समाज के लक्षित खंडों की वास्तविक आवश्यकताओं पर चुनिंदा योजनाओं द्वारा ध्यान दिया जा सके और जमीनी स्तर पर पहचान की गई योजनाओं के प्रामाणिक बेसलाइन डेटा या उचित आवश्यकता मूल्यांकन की उपलब्धता भी सुनिश्चित किया जा सके।

4.6 एनएचपीसी निम्नलिखित बल दिए जाने वाले क्षेत्रों में सीएसआर तथा धारणीयता प्रयासों पर ध्यान केन्द्रित करने का प्रयास करेगी :

1. समुदायिक विकास को सुकर बनाना।
2. पर्यावरणीय संरक्षण तथा जैव–विविधता के संरक्षण का समर्थन करना।
3. विद्यमान शैक्षिक संस्थानों के उन्नयन सहित दिशा–प्रशिक्षण आधारभूत ढांचे का सृजन।
4. धारणीय आजीविका सृजन अवसरों का सृजन।
5. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण आधारभूत ढांचे में सुधार।
6. स्वच्छता सुविधाओं, पेय जल योजनाओं का सृजन तथा सुधार।
7. सिंचाई, जल संरक्षण, ऊर्जा आवश्यकताओं के प्रबंधन और अवशिष्ट प्रबंधन की नूतन पद्धतियों को अपनाना।
8. कृषि फार्मिंग तकनीकों के स्वदेशी तरीकों को बढ़ावा देना और चिकित्सीय पौधों पर स्वदेशी ज्ञान का संरक्षण।
9. भारतीय परम्परा के अनुसार खेल–कूद, धरोहर, कला, संगीत एवं संस्कृति का संरक्षण और उसे बढ़ावा देना।

4.7 कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची–VII समय पर यथा संशोधित, के अनुसार, सीएसआर गतिविधियों की मदें एनएचपीसी द्वारा की जाएगी। आज की तारीख के अनुसार अनुसूची VII में अधिसूचित गतिविधियों को अनुबंध–I में दिया गया है। इसे जब भी सरकार द्वारा समय पर संशोधित/स्पष्ट किया जाएगा, संबंधित निदेशक के अनुमोदन के बाद उपयुक्त रूप से शामिल किया जाएगा। अनुसूची VII में दी गई मदों की सूची के अनुरूप किसी अन्य गतिविधि/वस्तुओं पर व्यय को सीएसआर व्यय में शामिल नहीं किया जाएगा।

4.5 Choice of CSR & Sustainability schemes for implementation will preferably be made in consultation/association with the Administrative authorities of District/Sub-division/Blocks/Panchayats in which the NHPC's Units are operating. This will help to avoid overlapping of the works/initiatives being undertaken by these authorities so that the genuine requirements of the targeted segments of the society are addressed by the chosen schemes and also ensure availability of authentic Baseline data or proper Need Assessment of identified schemes at the grass root level.

4.6 NHPC will endeavour to concentrate its CSR & Sustainability efforts in the following thrust areas:

i. Facilitating Community Development.

ii. Support Environmental protection and conservation of Biodiversity.

iii. Creation of Education, training infrastructure including upgrading existing educational institutions.

iv. Creation of Sustainable livelihood generation opportunities.

v. Improvement in Health and Family Welfare infrastructures.

vi. Creation & improvement of Sanitation facilities, drinking water schemes.

vii. Adoption of innovative methods of irrigation, conservation of water, management of energy requirements and waste management.

viii. Promotion of Indigenous methods of agricultural farming techniques and conservation of indigenous knowledge on medicinal plants.

ix. Preservation & promotion of sports, heritage, art, music & culture in keeping with the Indian tradition.

4.7 In accordance with Schedule VII of the Companies Act, 2013 as amended from time to time, the items of CSR activities, may be undertaken by NHPC. The activities notified in Schedule VII as on date is placed at Annexure-I. The same whenever amended/clarified from time to time by the Government will be suitably incorporated after the approval of concerned Director. Expenditure on any other activity / items not in conformity with the list of items given in Schedule VII will not be accounted towards CSR expenditure.

4.8 दीर्घावधि/मध्यम अवधि परियोजनाओं की योजना बनाते समय, उसकी पूर्णता तक प्रत्येक परियोजना की लागत को पूरा करने के लिए बजटीय प्रावधान सुनिश्चित किए जाएगें। प्रत्येक दीर्घावधि/मध्यम अवधि परियोजना को प्रत्येक वर्ष क्रियान्वित किए जाने वाले वार्षिक लक्ष्यों तथा क्रियाकलापों में विभाजित किया जाएगा और परियोजना की पूर्णता तक इन क्रियाकलापों के क्रियान्वयन के लिए बजट आवंटित किया जाएगा तथा प्रत्येक आगे वाले वर्ष हेतु निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति निर्धारित की जाएगी।

4.9 सीएसआर तथा धारणीयता क्रियाकलापों को शार्ट–लिस्ट करते समय, सामाजिक मूल्य सृजन, पर्यावरण संरक्षण या धारणीय विकास में योगदान न देने वाले तदर्थ/एक बार के परोपकारी क्रियाकलापों को लेने से बचा जाएगा।

4.10 एनएचपीसी सीएसआर परियोजनाओं/कार्यक्रमों/सीएसआर गतिविधियों को शुरू करने के लिए अन्य कंपनियों के साथ इस तरह से सहयोग कर सकती है कि संबंधित कंपनियों की सीएसआर समितियां लागू सीएसआर नियमों के अनुसार ऐसी परियोजनाओं या कार्यक्रमों पर अलग से रिपोर्ट करने की स्थिति में हों।

4.11 सीएसआर नीति के अनुसार सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों के डिजाइन, निगरानी और मूल्यांकन के साथ–साथ सीएसआर के लिए स्वयं के कर्मियों की क्षमता निर्माण के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों को नियुक्त कर सकती है।

4.12 एनसचपीसी बोर्ड स्वयं को संतुष्ट करेगा कि इस प्रकार वितरित की गई धनराशि का उपयोग उसके द्वारा अनुमोदित उद्देश्यों और तरीके से किया गया है और मुख्य वित्तीय अधिकारी या वित्तीय प्रबंधन के लिए जिम्मेदार व्यक्ति इस आशय को प्रमाणित करेगा।

## 5.0 क्रियान्वयन हेतु प्रबंधन संरचना

**5.1 सीएसआर तथा धारणीयता हेतु प्रबंधन ढांचा निम्नानुसार होगा :**

क) बजट के आवंटन, प्रगति की समीक्षा और विभिन्न सीएसआर तथा धारणीयता पहलों के मार्गदर्शन हेतु अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अथवा किसी स्वतंत्र निदेशक की अध्यक्षता वाली बोर्ड स्तरीय समिति।

ख) नोडल अधिकारी, अधिमानतः कार्यपालक निदेशक के दर्जे वाला तथा उसकी टीम, जो सीएसआर तथा धारणीयता योजनाओं/क्रियाकलापों की पहचान तथा चयन का समन्वय करेगा और उक्त के क्रियान्वयन की प्रगति पर एक प्रभावी निगरानी भी रखेगा।

ग) सीएसआर तथा धारणीयता योजनाओं/क्रियाकलापों आदि की पहचान, क्रियान्वयन और प्रबोधन के लिए क्षेत्र कार्यपालक निदेशक/परियोजना प्रमुख/यूनिट प्रमुख और उनकी टीम।

4.8 While planning long-term / mid-term projects, budgetary provisions to meet cost of each project till its completion will be ensured. Each long-term / medium term project will be broken up into annual targets and activities to be implemented each year and budget be allocated for the implementation of these activities and achievements of targets set for each successive year till the completion of the project.

4.9 While shortlisting the CSR & Sustainability activities, ad-hoc/ one time/ philanthropic activities, which do not contribute to social value creation, environment protection or sustainable development, will be avoided.

4.10 NHPC can collaborate with other Companies for undertaking CSR projects/ programmes/CSR activities in such a manner that the CSR committees of the respective companies are in a position to report separately on such projects or programmes in accordance with the applicable CSR rules.

4.11 Engagement of international organizations for designing, monitoring and evaluation of the CSR Projects or programmes as per CSR Policy as well as for capacity building of own personnel for CSR may be done.

4.12 The NHPC Board shall satisfy itself that the funds so disbursed have been utilized for the purposes and in the manner as approved by it and the Chief Financial Officer or the person responsible for the financial management shall certify to the effect.

## 5. MANAGEMENT STRUCTURE FOR IMPLEMENTATION

**5.1 The Management structure for CSR & Sustainability will be as follows:**

a) The Committee of Directors on CSR & Sustainability headed either by the CMD or an Independent Director to allocate budget, review the progress and guide various CSR & Sustainability initiatives.

b) Nodal Officer preferably of the Rank of Executive Director assisted by his team, who will co-ordinate the identification and selection of CSR & Sustainability schemes/activities and also exercise an effective oversight on progress of implementation of the same.

c) Regional ED/Project Head/Unit Head and his team for identification, implementation & monitoring of CSR & Sustainability schemes/activities etc.

# 6.0 भूमिका, और उत्तरदायित्व

## 6.1 सीएसआर और धारणीयता पर निर्देशकों की समिति

क.) परियोजनाओं के चयन, आयोजना, निष्पादन, प्रबोधन, मूल्यांकन और सीएसआर तथा धारणीयता योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्यनीतियों के लिए मोटे तौर पर दिशा–निर्देशों के निरूपण की निगरानी करना।

ख.) सीएसआर समिति अपनी सीएसआर नीति के अनुसरण में सीएसआर व धारणीयता योजनाओं/गतिविधियों हेतु बजट के आवंटन के लिए एक वार्षिक कार्य योजना तैयार करेगी और बोर्ड को सिफारिश करेगी।

ग) वार्षिक योजना में ऐसी परियोजनाओं या कार्यक्रमों के निष्पादन के तरीके, परियोजनाओं या कार्यक्रमों के लिए निधियों के उपयोग के तौर–तरीके और कार्यान्वयन कार्यक्रम, परियोजनाओं या कार्यक्रमों के लिए निगरानी और रिपोर्टिंग तंत्र, आवश्यकता का विवरण और प्रभाव मूल्यांकन, परियोजनाओं या कार्यक्रमों के लिए यदि कोई हो, शामिल होंगे।

घ) बोर्ड वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी समय अपनी सीएसआर समिति की सिफारिश के अनुसार, उस प्रभाव के उचित औचित्य के आधार पर ऐसी योजना को बदल सकता है।

ड) एनएचपीसी की ढांचागत नीति कारपोरेट कार्य मंत्रालय डीपीई द्वारा जारी की गई दिशा–निर्देश अधिसूचनाओं परिपत्रों के अनुसार परियोजनाओं का चयन और अनुमोदन।

च) सीएसआर तथा धारणीयता क्रियाकलापों के क्रियान्वयन की आवधिक निगरानी।

छ) सीएसआर तथा धारणीयता योजनाओं की वार्षिक तौर पर धारणीयता रिपोर्टिंग।

(च) सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी पर निदेशकों की समिति निदेशक मंडल को उनकी जानकारी, विचार और आवश्यक निर्देशों के लिए अर्धवार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

## 6.2 नोडल अधिकारी

क) सीएसआर एवं धारणीयता पर निदेशकों की समिति के विचारार्थ प्राप्त किए जाने वाले वार्षिक लक्ष्यों के साथ वर्ष के दौरान ली जाने वाली सीएसआर एवं धारणीयता योजनाओं को अन्तिम रूप देने तथा चयन करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों/परियोजनाओं/पावर स्टेशनों/यूनिटों के साथ समन्वय करना।

# 6. ROLES &RESPONSIBILITIES

## 6.1 Committee of Directors on CSR &Sustainability

a. To oversee formulation of broad guidelines for selection of projects, planning, execution, monitoring, evaluation, impact assessment and strategies for efficient implementation of CSR & Sustainability schemes.

b. The CSR Committee shall formulate and recommend to the Board, an annual action plan in pursuance of its CSR Policy, for allocation of budget to CSR & Sustainability schemes/ activities.

c. The Annual Plan shall include the manner of execution of such projects or programmes, the modalities of utilization of funds and implementation schedules for the projects or programmes, monitoring and reporting mechanism for the projects or programmes, details of need and impact assessment, if any for the projects or programmes.

d. The Board may alter such plan at any time during the financial year, as per the recommendation of its CSR Committee, based on the reasonable justification to that effect.

e. Selection and recommendation for approval of projects shall be in accordance with the policy frame work of NHPC and Guidelines/ Notifications/ Circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs / DPE.

f. Periodic monitoring of implementation of CSR & Sustainability activities.

g. Sustainability Reporting of CSR & Sustainability schemes annually.

h. The Committee of Directors on CSR & Sustainability will submit half yearly report to the Board of Directors for their information, consideration and necessary directions.

## 6.2 Nodal Officer

a. To co-ordinate with the Regional Offices/ Projects/ Power stations/Units to finalize and short list the CSR & Sustainability schemes to be taken up during the year along with the annual targets to be achieved for consideration of the Committee of Directors on CSR & Sustainability.

ख) नीति के अनुसार वित्तीय लक्ष्यों के मद्देनजर प्रत्येक परियोजना हेतु वार्षिक बजटीय आवश्यकता का संकलन और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु उस पर कार्यवाही करवाना।

ग) सीएसआर तथा धारणीयता योजनाओं को बढ़ावा देने/सहयोग से संबंधित सूचना के आदान–प्रदान हेतु अन्य विभागों/पीएसयू के साथ समन्वय करना।

घ) सीएसआर तथा धारणीयता पहल के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आंतरिक हितधारकों के सुग्राहीकरण और शिक्षा हेतु एनएचपीसी के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला और संगोष्ठियों का आयोजन।

ड) बोर्ड स्तरीय समिति को सीएसआर तथा धारणीयता पहलों की प्रगति के संबंध में त्रैमासिक, अर्धवार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

च) वार्षिक सीएसआर तथा धारणीयता रिपोर्ट तैयार करना जिसमें, जहां–कहीं व्यवहार्य हो, वार्षिक रूप से अथवा अन्य किसी उचित समय अंतराल पर लिए जाने वाले क्रियाकलापों और क्रियाकलापों के प्रभाव आकलन रिपोर्टों की प्रगति तथा उपलब्धि दर्शाई गई हो।

**6.3 क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक/परियोजना प्रमुख/यूनिट प्रमुख**

क) जहां–कहीं अपेक्षित तथा आवश्यक हो, आधाररेखा/आवश्यकता आकलन अध्ययनों को करवाना।

ख) सीएसआर तथा धारणीयता योजनाओं की पहचान करना, और भौतिक तथा वित्तीय लक्ष्यों के साथ परियोजना प्रस्ताव तैयार करना।

ग) योजना के अनुमोदन तथा बजट के आवंटन, क्रियान्वयन, प्रबोधन और फोटोग्राफ, विडीयो क्लीपिंग्स और/अथवा दस्तावेजीय प्रमाणों के साथ सीएसआर तथा धारणीय विकास योजना की मासिक प्रगति रिपोर्ट को भेजने के लिए नोडल अधिकारी के साथ समन्वय करना।

(ध) प्रभाव आकलन पर लागू दिशा–निर्देशों के अनुसार जहां कहीं लागू हो, दीर्घावधि और अन्य योजना के लिए प्रभाव आकलन अध्ययन करवाएं।

